कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग
नैनीताल
दूरमाष न0 05942–235572 फैक्स न0 05942–233549 ई–मेल–eepdpwdntl@gmail.com

पत्रांक :– 537 /29 एम0जी0 दिनॉक :– 13/03/23

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग,
नैनीताल।

विषय :– जनपद नैनीताल में एस0सी0एस0पी0 योजना के अन्तर्गत देवीधूरा से धापला तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.86 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक 2430/12–1 देवीधूरा–धापला दिनॉक 07.02.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन की कृपा करें, सन्दर्भित पत्र के कम में अवगत करना है कि आपके पत्र सं0 1891/13 देवीधूरा–धापला दिनॉक 29.12.2022 द्वारा प्रेषित पत्र के साथ प्रस्ताव एवं संशोधित वृक्षो की सूची प्राप्त नही हुई है। इस संबंध में इस कार्यालय के पत्र सं0 74/29एम0जी0 दि0 12.01.2023 (प्रति संलग्न) का अवलोकन करने की कृपा करें, जिसके द्वारा वन पंचायत में हस्तान्तरण संबंधी आदेश की प्रति चाही गयी थी, जो आपेक्षित होने के कारण अग्रेत्तर कार्यवाही संभव नही हो पा रही हैं।

यहॉ यह भी उल्लेखनीय है कि प्रस्ताव बार–बार अनावश्यक आपत्तियों में आने के कारण स्वीकृति में विलम्ब होने के साथ–साथ व्यापक जनहित प्रभावित हो रहा हैं।

अतः उपरोक्त के कम में पुनः अनुरोध है कि विषयांकित प्रस्ताव वृक्षो की सूची, एवं सिविल भूमि का वन पंचायत में हस्तान्तरण संबंधी आदेश की प्रति इस कार्यालय में उपलब्ध कराने की कृपा करें, ताकि संशोधित प्रस्ताव आपको प्रेषित किये जा सकें।

सलंग्न– पत्र सं0–74/29एम0जी0 दिनॉक 12.01.2023 की छायाप्रति।

भवदीय
11/3/23
(इं0 दीपक गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता
प्रा0ख0 ,लो0नि0वि0
नैनीताल 11/3/23

पत्रांक :– / दिनांक :–

प्रतिलिपिः सहायक अभियन्ता (चतुर्थ), प्रा0ख0, लो0नि0वि0, नैनीताल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
प्रा0ख0 ,लो0नि0वि0
नैनीताल।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लोक निर्माण विभाग
नैनीताल

दूरभाष न0 05942–235572 फैक्स न0 05942–233549 ई–मेल–**eepdpwdntl@gmail.com**

पत्रांकः – 74/29 एम0जी0 दिनॉक 12/01/2023

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग,
नैनीताल।

विषयः– जनपद नैनीताल में एस0सी0 एस0पी0 योजना के अन्तर्गत देवीधुरा से धापला तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.86 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्य हेतु लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक 1891/13 देवीधुरा–धापला दिनॉक 29.12.2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के का अवलोकन करने का कष्ट करें। सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि विषयाकित मार्ग समरेखन के वर्तमान में बोहरा गाव सिविल भूमि को ही वन पंचायत दर्शाकर वक्षो की गणना की गयी हैं इस सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि वन पंचायतो का गठन सिविल भूमि से ही किया गया है परन्तु मार्ग समरेखन में प्रभावित सिविल भूमि बोहरा गॉव का वन पंचायत में हस्तान्तरण सम्बन्धी कोई दस्तावेज न होने के कारण प्रेषित किये गये प्रस्ताव में सिविल भूमि बोहरा गॉव दर्शाकर लैण्ड शैडयूल प्रभागीय वनाधिकारी एवम् जिलाधिकारी से प्रति हस्ताक्षरित है। सिविल भूमि का वन पचांयत में गठन का कोई आदेश न होने के कारण नही दर्शाया जा सका जो वर्तमान में वन पचांयत के नाम से है यदि आपके कार्यालय में इससे सम्बन्धी आदेश की प्रति हो तो उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि संशोधित लैण्ड शैडयूल तैयार कर प्रेषित किया जा सकें। सिविल भूमि का वन पचायत में गठन सम्बन्धी आदेश न होने पर वृक्षो की सूची में नाम संशोधित कर प्रस्ताव अग्रसारित ~~वन प्रस्ताव अग्रसारित~~ करने की कृपा करें।

यहा यह भी उल्लेखनीय है कि प्रस्ताव बार–बार आपत्तियों में प्राप्त होने से स्वीकृति में आवश्यक विलम्ब हो रहा हैं। जिस कारण व्यापक जनहित प्रभावित होगा स्थानीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी बार–बार वन भूमि की स्वीकृति हेतु अनुरोध किया जा रहा हैं।

अतः उपरोक्त परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए प्रस्ताव पर यथोचित कार्यवाही करने की कृपा करें। सन्दर्भित पत्र के साथ प्रस्ताव की प्रति प्राप्त नही हुई हैं।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल। 12/01/23

पत्रांकः– 74/29 एम0जी0 दिनॉकः 12/01/2023

प्रतिलिपिः सहायक अभियन्ता(चतुर्थ), प्रा0ख0, लो0नि0वि0, नैनीताल को सूचनार्थ एवं उक्त कार्यालय में सम्पर्क कर प्रस्ताव का निस्तारण कराने हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल। 12/01/23